INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VIII	Department: Hindi (2nd Lang)	
Question Bank	Topic: -पाठ- 3 दीवानों की हस्ती	Note: Pls. write in your Hindi note book

प्रश्नोत्तर

प्र॰1 कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू बन कर बह जाना' क्यों कहा है?

उत्तर - कवि खुद के आने को उल्लास इसलिए कहते हैं क्योंकि वे जहाँ भी जाते हैं खुशियाँ फैलाते हैं तथा अपने जाने को आँसू बनकर बह जाना इसलिए कहते हैं क्योंकि इतनी खुशियों के बाद जब वे जाते हैं तो उनकी याद में लोगों की आँखों में आँसू आने लगते हैं।

प्र॰2 कवि क्या तोड़ने की बातें कर रहा है?

उत्तर- कवि अपने और पराये की जिस भावना में बंधा हुआ था वह उस बंधन को तोड़कर मुक्त होना चाहता है| इसे तोड़ने पर ही सच्चे अर्थों में ख़ुशी प्राप्त की जा सकती है |

प्र॰3 कविता में ऐसी कौन-सी बात है जो आपको सब से अच्छी लगी?

उत्तर - इस कविता में कवि का अपने ढंग से अपना जीवन जीना तथा चारों ओर प्यार और खुशियाँ बाँटना सबसे अच्छा लगा। कवि अपने जीवन की असफलता के लिए किसी अन्य को दोषी नहीं ठहराता यह भी अच्छा लगा।

प्रश्न 4 - भिखमंगों की दुनिया में बेरोक प्यार लुटानेवाला कवि ऐसा क्यों कहता है कि वह अपने हृदय पर असफलता का एक निशान भार की तरह लेकर जा रहा है? क्या वह निराश है या प्रसन्न है?

उत्तर - यहाँ भिखमंगों की दुनिया से कवि का आशय है कि यह दुनिया केवल लेना जानती है देना नहीं। कवि ने भी इस दुनिया को प्यार दिया पर इसके

बदले में उसे उतना प्यार नहीं मिला जितना कवि चाहता है। कवि के लिए यह उसकी असफलता है। इसलिए वह अपने हृदय पर असफलता का एक निशान भार की तरह लेकर जा रहा है। अत: कवि निराश है, वह समझता है कि प्यार और खुशियाँ लोगों के जीवन में भरने में असफल रहा।

प्रश्न -5 कवि ने अपने जीवन को मस्त क्यों कहा है?

उत्तर - कवि को दुनिया की कोई परवाह नहीं है। न उसे किसी बात का दुःख है और ना ही किसी बात की खुशी। उसका रुकने का कोई निश्चित स्थान नहीं है। यही कारण है कि कवि ने अपने जीवन को मस्त कहा है।

प्रश्न 6- लोगों के जीवन में कवि क्या बनकर आता है?

उत्तर- लोगों के जीवन में कवि प्यार बनकर आता है |वह केवल प्यार बाँटना चाहता है|वह लोगों के दुःख और उदासी को दूर कर उन्हें ख़ुशी देना चाहता है |

अतिलघु प्रश्न

प्रश्न 1 कवि सुख और दुःख को किस भाव से ग्रहण करता है?
उत्तर - कवि सुख और दुःख को समान भाव से ग्रहण करता है।
प्रश्न-2 कवि किस बात के लिए संघर्षरत रहता है?
उत्तर - कवि समाज की भलाई के लिए हमेशा संघर्षरत रहता है।
प्रश्न-3 कविता पढ़कर कवि की क्या - क्या विशेषताएँ स्पष्ट होती हैं?
उत्तर - कविता पढ़कर कवि की विशेषताएँ स्पष्ट होती हैं दीवाना, मस्ताना, सुख दुःख बाँटने वाला, उल्लास से भरा हुआ है ।
प्रश्न-4 कवि जग को अपना क्या योगदान देना चाहता है?
उत्तर - कवि लोगों में खुशियाँ बाँटना चाहता है। वह लोगों के मन से दुःख और भय जैसे भावों को दूर करना चाहता है।

==